<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 22.01.2025 (दोपहर–1310 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

- **बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ अभियान के दस वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।**
- **बोकारो में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मियों के घायल होने की सूचना, नक्सलियों को भी भारी नुकसान की खबर।**
- **भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी की बड़ी कार्रवाई, नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी के रांची और गुमला स्थित ठिकानों पर छापेमारी।**
- **राज्यभर में आज पुलिस प्रशासन की ओर से आयोजित किया जा रहा है जन शिकायत कार्यक्रम, जनता की समस्याओं का होगा त्वरित निष्पादन।**
- **हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से और पुरुष वर्ग में दिल्ली एसजी पाइपर्स का मुकाबला सूरमा हॉकी क्लब से रांची में होगा।**

*******************

**समाचार विस्तार से**

केन्द्र सरकार आज **<u>बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना</u>** की 10वीं वर्षगांठ मना रही है। इस योजना की 10वीं वर्षगांठ पर समारोह आज से 8 मार्च तक जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने **बेटी बचाओ बेटी पढाओ अभियान** के दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर कहा है कि इस अभियान में समाज के सभी वर्गो की भागीदारी रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से उन जिलों में भी लड़के–लड़कियों के अनुपात में सुधार हुआ है जहां पारम्पिरिक रूप से इसमें काफी अंतर होता था। वहीं श्री मोदी ने लोगों से बेटियों के अधिकारों को संरक्षण देने और उनकी शिक्षा सुनिश्चित करने की अपील की।

*******************

राज्य के जल संसाधन और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन ने कहा है कि जन आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वे गिरिडीह जिले के गांडेय विधानसभा क्षेत्र के पिंडाटांड़ में झामुमो द्वारा आयोजित आभार सह संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गांडेय विधानसभा क्षेत्र का चहुमुंखी विकास हो रहा है।

मौके पर मौजूद विधायक कल्पना सोरेन ने अपने संबोधन में भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गरीबों की आवाज दबाने वाली पार्टी है।

*******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस शुरु से ही संविधान और इसके रचियता बाबा साहब भीम राव

अम्बेडकर का अपमान करती रही है। श्री मरांडी ने कहा कि देश पर इमरजेंसी थोपने के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए।

******************

बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत पेंक नारायणपुर थाना क्षेत्र के बंसी गांव के समीप जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। इस मुठभेड़ के दौरान नक्सलियों को भारी नुकसान होने की सूचना है। पुलिस के दो जवानों के घायल होने की भी खबर है।

******************

एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ आज बड़ी कार्रवाई की है। एसीबी की टीम नामकुम अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार के रांची और गुमला स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

******************

गढ़वा जिले के नगर ऊंटारी रेलवे स्टेशन में दो करोड़ रुपये का घोटाला हुआ है। बताया जाता है कि रेलवे स्टेशन में टिकट बिक्री के 2 करोड़ से ज्यादा रुपये गायब कर दिये गए हैं। यह गड़बड़ी वर्ष 2023 में हुई है। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया और जांच शुरु कर दी गयी है। घोटाले का आरोप एसबीआई द्वारा स्टेशन से बैंक तक पैसा लाकर जमा करने के लिये अधिकृत एजेंसी राईटर सेफ गार्ड लिमिटेड (डब्ल्यूएसजी) के कर्मियों अजय कुमार गुप्ता और प्रेमचंद्र प्रजापति पर लगाया गया है।

******************

राज्य में आज पुलिस प्रशासन की ओर से जन शिकायत कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विभिन्न जिलों में आयोजित कार्यक्रम में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंच रहे हैं। मौके पर एसपी स्तर के अधिकारी मौजूद हैं।

******************

गुमला जिले में केंद्र सरकार द्वारा संचालित धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में कई कदम उठाये जा रहे हैं।

******************

पलामू मेडिकल कॉलेज और अस्पताल को रिम्स की तर्ज पर विकसित करने की पहल शुरु कर दी गयी है। इस सिलसिले में रिम्स के निदेशक डा. राजकुमार ने पलामू का दौरा किया। पत्रकारों से बातचीत में रिम्स निदेशक ने कहा कि रांची में होने वाली मरीजों की भीड़ को कम करने के लिए एमआरएमसीएच में रिम्स मॉडल लागू किया जाएगा। इसकी तैयारी की जा रही है।

******************

10वीं और 12वीं परीक्षा में विद्यार्थियों के बेहतर प्रदर्शन के लिए कोडरमा जिला प्रशासन की ओर से खास पहल की जा रही है। परीक्षा में बेहतर परिणाम के लिए बच्चों को सम्पूर्ण शिक्षा कवच से जोड़ा गया है, जिसके जरिये उन्हें 24 घंटे ऑनलाइन पढ़ाई की सुविधा दी जा रही है। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रहने की सलाह दी है।

******************

हॉकी इंडिया लीग के महिला वर्ग में आज श्राची राढ़ बंगाल टाइगर्स का सामना रांची में दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। यह मैच शाम छह बजे से खेला जायेगा। प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में आज जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब का सामना दिल्ली एसजी पाइपर्स से होगा। यह मैच रांची में रात सवा आठ बजे शुरू होगा।

********समाप्त********